भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2649

जिसका उत्तर 18.12.2024 को दिया जाना है

तिरुपति, आंध्र प्रदेश में पर्वतमाला परियोजना

2649 श्री येरेम वेंकट सुब्बा रेड्डीः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि तिरुपति, आंध्र प्रदेश में पर्वतमाला परियोजना के अंतर्गत रोपवे का प्रस्ताव किया गया था;

(ख) यदि हां, तो प्रस्ताव का ब्यौरा जैसे कि दूरी, परियोजना की अनुमानित लागत, यातायात, यात्रियों के लिए सुविधा, पर्यटन को बढ़ावा देना आदि क्या है;

(ग) क्या उपरोक्त परियोजना के लिए विस्तृत व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और रोपवे का निर्माण कब तक प्रारंभ किया जा रहा है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ख) सरकार को समय-समय पर आंध्र प्रदेश राज्य सहित विभिन्न राज्य सरकारों से प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। डीपीआर के तकनीकी-वित्तीय परिणाम, मानदंडों की पूर्ति, संपर्कता की आवश्यकता और परस्पर प्राथमिकता के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं।

(ग) से (घ) परियोजना के लिए विस्तृत व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार नहीं है।

*****